सार-समाचार

करोड़ों की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। सुखेर थाना पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज से भूखण्ड बेच कर दो करोड़ की ठगी करवाने वाले मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्रकरण के अनुसार प्रतापनगर पुलिस थाने में सवा उर्फ सवलिया पुत्र देवा भील निवासी ढीकली बोरा मगरा ने रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरी ढिकली पटवार क्षैत्र में स्वयं के खते की जमीन है। जिस पर में काबिल होकर उसपयोग कर रहा हूं। 14 अक्टूबर 2024 को पटवार मंडल ढिकली से फोन आया कि आपे खोतेदारी की जमीन की रजिस्ट्री हो गई है तथा नामान्तरण देवप्रसाद कलासुआ निवासी खेरवाड़ा अपने नाम खुलवाना चाहता है। इसका एतराज कर कर प्रकरण दर्ज करवाया। पडताल कि तो देव प्रसाद कलासुआ जो कि कनक हॉस्पीटल के मालिक अमित धींग का खातेदार है । जिसे अमित ढींग द्वारा ही फर्जी एवं डमी खातेदार को लाकर अवैध रूप से अपने खातेदार देवप्रसाद कलासुआ के नाम पर जमीन की 27 अगस्त 2024 को रजिस्ट्री बडगांव पंजीयन कार्यालय में फर्जी खातेदार जरिये करवा ली तथा मेरे खाते में जबरन 25लाख रूपये जमा करवा दिए। देवप्रसाद कलासुआ व हुक्मीचंद ने 20 लाख रूपये का चैक डाल दिया जो अनादरित हो गया। इससे पूर्व आरोपी अमित ढींग ने पड़ोसी की जमीन देवप्रसाद के नाम रजिस्ट्री करवाई थी। छह माह पूर्व मैने प्रतापनगर पुलिस थाने में अपनी बैक पासबुक, आधारकार्ड, एटीएम कार्ड, पेन कार्ड गुम होने की रिपोर्ट देकर मेरे पौत्र हुक्मीचंद द्वारा भूमाफियाओं के साथ मिल कर जमीन बेचने का दबाव डाल रहे है। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने डबोक निवासी राजेश गमेती पुत्र गंगाराम गमेती निवासी तुलसीदासजी की सराय डबोक तथा दिनेश चन्द्र तेली पुत्र मोतीलाल निवासी शोभागपुरा सुखेर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को पांच दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु की शादी कल

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में एक और रॉयल वेडिंग होने जा रही है। यह शादी बैडमिंटन स्टार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सींधू की है। पीवी सिंधू रविवार को आईटी कारोबारी वेंकटदत्त साई के साथ उदयपुर के होटल राफेल्स में विवाह रचाएगी। इस शादी में सीमित लोग ही शामिल होंगे। जिनकी संख्या 140 है। उदयसागर झील में स्थित होटल राफेल्स में यह वेडिंग होनी है जिसके लिए 100 कमरे बुक किए गए। बेडमिंटन स्टार पीवी सिंधु की इस शादी के लिए शनिवार को उन्होंने होटल में ही प्री-वेडिंग शूट करवाया। दक्षिण भारतीय संस्कृति से हो रहे वैवाहिक आयोजनों में आज मेहंदी व संगीत सेरेमनी हुई जिसमें करीब दोस्त, रिश्तेदार व घर परिवार के लोग ही शामिल हुए। रविवार को होने वाले शादी में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, भारत के स्टार भाला फेंक एथलेटिक्स नीरज चौपड़ा, आलिया भट्ट सहित खेल जगत व राजनीतिक जगत से जुड़ी हस्तियां शामिल हो सकती है। हालांकि इनकी संभावना कम ही है क्योंकि शादी का रिसेप्शन गृह नगर हैदराबाद में 24 दिसम्बर को होगा जहां ये हस्तियां पहुंचेगी। पीवी सिंधु ने गत 14 दिसम्बर को साधारण फंक्शन कर सगाई की थी। शुक्रवार को वे परिवार के साथ उदयपुर पहुंची जहां उदयसागर झील स्थित होटल राफेल्स में उनकी शादी के आयोजन हो रहे है। रविवार को वे शादी करेगी। आज करीबी दोस्तों, रिश्तेदारों व घर-परिवार की मौजूदगी में मेहंदी व हल्दी व संगीत सेरेमनी के कार्यक्रम व रात को मेहमानों को डीनर दिया गया। सिंधु रविवार वे दक्षिण भारतीय रीति-रिवाज से विवाह करेगी। 22 दिसम्बर को विवाह के बाद वे पति व परिवार के साथ हैदराबाद लौटेगी जहां 24 दिसम्बर को ग्रांड रिसेप्शन होना है। पीवी सिंधु अपने फैमिली फ्रेण्डस आईटी कारोबारी वेंकटदत्त साई से शादी कर रही हैं। सिंधु की उनसे 10 साल पुरानी दोस्ती है और इस रिश्ते की शुरूआत एक फ्लाइट में मुलाकात के बाद हुई थी। पीवी सिंधु अपनी शादी में पीएम नरेंद्र मोदी, सचिन तेंदुलकरके अलावा तेलंगाना सीएम रेवन्थ रेड्डी, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण सहित अन्य सेलिब्रिटी को निमंत्रित किया है। इन हस्तियों को अपनी शादी का निमंत्रण देने सिंधु खुद पहुंची थीं। हालांकि शादी का रिसेप्शन 24 दिसम्बर को गृहनगर हैदराबाद में ही होना है। जिसमें ये हस्तियां शामिल हो सकती है।

पर्यावरण जनचेतना रैली निकाली

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवे दिन विश्व ध्यान दिवस पर कार्यशाला तथा पर्यावरण जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे मन-मस्तिष्क को शांति मिलती है और सुकुन का अहसास होता है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए विशेष रूप से ध्यान लगाया जाता है। साथ ही बताया कि बढते पर्यावरण प्रदूषण से विश्व को बचाने की हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसम्बर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया गया है, जिसमें भारत देश भी सह-प्रायोजक रहा है। सात दिवसीय केम्प के दौरान महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव भाणा में ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए स्वयं सेविकाओं द्वारा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुसुया उपाध्याय ने बताया कि कार्यशाला की मुख्य वक्ता आर्ट ऑफ लिविंग राजसमन्द सदस्य रेखा जांगिड एवं सीमा जांगिड थी। मुख्य वक्ता रेखा जांगिड ने बताया कि ध्यान लगाने पर तनाव कम होने में मदद मिलती है। कार्यक्रम सह अधिकारी डॉ कमलेश पालीवाल ने कहा कि महाविद्यालय की 50 स्वयं सेविकाओं द्वारा गोद लिए गांव भाणा के लोगों को उनके घरों में जाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के फायदे बताये।

युवक ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना क्षैत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखेर थाना क्षैत्र सापेटिया गांव निवासी पन्नालाल (29) पुत्र शंभूलाल गमेती ने खेत में पेड़ पर फांसी लगा ली। इसकी सूचना मिलने पर एसआई जयबाला ने मौके पर पहुंच कर मृतक को निचे उतार एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इस पर एएसआई कन्हैयालाल पारगी ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। पन्नालाल की गत दिनों से दिमागी हालत ठीक नहीं रहने से करीब 5-6 दिन पूर्व वह लापता हो गया था। जिसकी परिजन तलाश कर रहे थे। शनिवार को उसे पेड़ पर लटका होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निचे उतारा था।

उपचार के दौरान दम तोड़ा

उदयपुर, (कासं)। कुराबड़ थाना क्षैत्र गुडली गांव निवासी विष्णु कुमारी पुत्री लिम्बाजी मीणा की विषाक्त वस्तु सेवन करने से मौत हो गई। विष्णु कुमारी (10)अपने माता पिता के साथ थी। जहां माता पिता खेत में दवा का छिडकाव कर रहे थे। इस दौरान उसने दवा में हाथ डाल दिया था तथा कुछ समय बाद परिवार वालों के साथ खाना खा लिया था। खाने के बाद तबीयत खराब होने पर परिजन उसे कुराबड़ चिकित्सालय ले गए। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज

बांसवाड़ा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अरूण कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिये जिला मुख्यालय पर 5 बैंचों का गठन किया गया एवं तालुका स्तर पर 4 बैंचों कुशलगढ, घाटोल, गढी एवं बागीदौरा पर एक-एक बैंच गठित की गई है। प्राधिकरण सचिव पुरण सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते से मामला निपटने पर कोई अपील नहीं होती वहीं मुकदमेबाजी से हमेशा के लिए छुटकारा मिलता है जिससे मुकदमा लडने में होने वाले समय, श्रम व धन की बचत होती है।

छात्रों का विदाई दी

उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक विवि के पेसिफिक होटल प्रबंधन महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह रखा गया। महाविद्यालय के निदेशक विनोद कुमार सिंह भदोरिया ने सभी को संबोधित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना प्रदान करी साथ ही होटल में जो मुख्य आदतें है जो कि विद्यार्थियों को आगे बढाने के लिए प्रेरित करती है जैसे की व्यवहार, काम करने का तौर तरीका,गेस्ट सेटिस्फेक्शन,काम को खुश होकर करना ,आज्ञाकारी होकर काम करना है, आगे बढ़ने का जज्बा रखे आदि के बारे में बताया।

युवती की हत्या कर तांत्रिक विद्या करने वाले तीन गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने युवती का अपहरण कर तांत्रिक विद्या के लिए उसकी हत्या कर लाश को गाडने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 9 सितंबर 2022 को पीडित सुखलाल पुत्र देवीलाल मीणा निवासी उमगणा कोटडा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बतायाकि मैं उदयपुर मण्डी में किराणा की दुकान पर काम करता हूं। गांव में मेरी मा पत्नी व लडका रहता है। पूर्व पत्नी का देहान्त हो गया है। संगीता मेरी दूसरी पत्नी है जिससे आठ वर्ष पूर्व नाता किया था। जिसके नुफते से तीन बच्चीयां है जिनमें सबसे छोटी चार माह की बच्ची है। 8 सितंबर रात में घर आए अज्ञात व्यक्ति मेरी पत्नी संगीता का अपहरण कर ले गए। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उपअधीक्ष राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह के नेतृत्व में एएसआई ईश्वरचंद, कांस्टेबल गोविन्द खराड़ी, दशरथसिंह मय टीम ने अनुसंधान कर आरोपी तांत्रिक महिला रोड़की पत्नी मानाराम अहारी निवासी भागल फला भौराई घाटा सेमारी सलूम्बर, कन्हैयालाल पुत्र सुखलाल अहारी निवासी उगमणा कोटड़ा फला माताजी ऋषभदेव, जीवा पुत्र भेरा अहारी निवासी घोडासार फला भणात सेमारी सलूम्बर को गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरू किया। जिससे पता चला कि सुखलाल की पूर्व पत्नी का लडका कन्हैयालाल मीणा गांव की ही लडकी से शादी करने के कारण नहीं आता था। वह किसी तांत्रिक की तलाश में होकर उस पर संगीता का अपहरण करने की शंका व्यक्त की। इस पर उसे डिटेन कर पूछताछ की तो कन्हैयालाल ने तांत्रिक महिला रोड़की देवी एवं उसके वहां आने वाले जांत्री जीवा के संपर्क होने की जानकारी सामने आई। इस पर तीनों को डिटेन कर पूछताछ की तो उठा कर लाकर नदी किनाने जमीन में गाढना बताया। इस सूचना के आधार पर जिला कलक्टर सलूम्बर के आदेश से गोमती नदी किनारे खैरूवा थाना सेमारी पहुंच कर संगीता के ककाल को बाहर निकाल बरामद कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार करवाया। अनुसंधान में पता चला कि सुखलाल की पत्नी की मृत्यु के बाद संगीता से नाता किया था। जिसकी पूर्व पत्नी से तीन लडके एवं दो लडकिया तथा सगीता से तीन लडकियां है। कन्हैयालाल का लडका बीमार रहता था एवं उसकी पत्नी एवं भाई अनिल की पत्नी भी बीमार रहती थी। इसके लिए ढाई वर्ष पूर्व तांत्रिक रोड़की देवी से संपर्क कर वहां आना जाना शुरू किया। जहां पत्नी के बीमार होने पर जीवा भी वहां आया करता जहां विजय से संपर्क हुआ। इस दौरान रोड़की ने कन्हैयालाल को दूसरी मां द्वारा तंत्र विद्या करने के कारण लडके के बीमार होने तथा घर नष्ट करने की बात बताई। इससे निजात के लिए उसकी हत्या कर गाढने की सलाल दी। इस पर कन्हैयालाल, रोड़की देवी ने साथियों के साथ राय मशविरा कर योजनानुसार गोमती नदी किनारे गड्डा चिन्हित किया। 8 सितंबर को विजय की गाडी में डाल कर संगीता को लेकर आए इस दौरान मुंह एवं गला दबा कर उसकी हत्या कर दी तथा गड्डे में डाल कर उपर मिट्टी डाल कर दबा दिया तथा तांत्रिक विद्या से पूजा पाठ किया। इससे पूर्व सभी ने अपने मोबाईल बंद कर दिए थे। दूसरे दिन कन्हैयालाल व उसका भाईअनिल दोनों पिता के साथ रिपोर्ट देने थाने पहुचे। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गुजरात की तरफ चले गए थे। इस मामले में आरोपी अनिल पुत्र सुखलाल निवासी उगमणा कोटड़ा, विजय पुत्र शांतिलाल निवासी शक्तावतों का गुड़ा सेमारी, फुलबा पत्नी कन्हैयालाल मीणा निवासी उगमणा कोटड़ा, रेखा पत्नी जीवा मीणा निवासी घोडास फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

ललिता माली ने जीता बेस्ट स्टूडेंट का खिताब

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम मूमल के दूसरे दिन बेस्ट स्टूडेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वर्षपर्यन्त आयोजित शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 50 छात्राओं का चयन किया जाता है, इनमें से प्रथम तीन बेस्ट स्टूडेंट का चयन वार्षिकोत्सव में किया गया। प्राचार्य डॉ अपर्णा शर्मा ने बेस्ट स्टूडेंट प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। बेस्ट स्टूडेंट का खिताब महाविद्यालय की बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ललिता माली को मिला तथा प्रथम रनर अप सुमन कुमावत एवं द्वितीय रनर अप वर्षा पालीवाल रही। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड ने बताया कि मुख्य अतिथि कार्यवाहक अध्यक्ष वीपी सभा उदयपुर कर्नल (प्रो) शिवसिंह सारंगदेवोत एवं जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर वाइस चांसलर, विशिष्ट अतिथि बीएन संस्थान उदयपुर प्रबंध निदेशक मोहब्बतसिंह राठौड, संयुक्त मंत्री राजेन्द्रसिंह झाला, बीएन विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार डॉ निरंजन नारायणसिंह राठौड, बीएन पीजी कॉलेज राजसमन्द चेयरमेन कुलदीप सिंह चुण्डावत, कमलेश्वरसिंह सांगदेवोत, एडवोकेट देवेन्द्रसिंह राठौड, मण्डल अध्यक्ष कोठारिया हरदयाल सिंह चौहान, सम्पतनाथसिंह चौहान थे।

भीसि कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/14030 दिनांक : 17/12/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्रीमती सरोज कुंवर पत्नि श्री दिलीप सिंह	क्षैत्रफल-1060 वर्गफिट, भण्डारी बावडी के सामने लाल बाग, नाथद्वारा	रानी नर्स का मकान	राजेन्द्र जी का मकान प्लोट बी	05 फीट गली	20 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

जब्त वाहनों को किया जायेगा नीलाम

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम अब सार्वजनिक स्थान या सड़क आदि पर खड़े पुराने वाहनों को अनुपयोगी और स्थाई अतिक्रमण मानते हुए जब्त करने की कार्रवाई करेगा, साथ ही लवकुश स्टेडियम के बाहर खड़े जब्त वाहनों को नीलाम भी किया जायेगा।

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश में बताया कि कुछ समय पूर्व नगर निगम की भूमि लवकुश स्टेडियम के पास दो कार एवं एक मिनी बस द्वारा कबाड स्थिति में लम्बे समय से पार्किंग कर स्थाई अतिक्रमण किया गया था। वाहन मालिको से अपने वाहन निगम भूमि से तुरंत ही हटाने के निर्देश दिए। निर्देश के बावजुद वाहन मालिको ने अपने वाहन नहीं हटाये, जिस पर निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी द्वारा 14 अक्टूबर को निगम भूमि पर खड़े वाहन को नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के तहत जब्त किया गया। वाहन जब्ती के पश्चात निगम द्वारा कार व मिनी बस वाहन मालिको को धारा 245 नगर पालिका अधिनियम 2009 के तहत नोटिस जारी कर प्रति वाहन 30,000/- रूपये कम्पाउण्ड राशि जमा करा वाहन रिलीज कराने का नोटिस जारी किया गया। दोनों वाहन मालिकों द्वारा नोटिस की पालना में न ही कम्पाउण्ड राशि जमा कराई ओर न ही संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत किया।

मूक पशुओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा : राज्यपाल बागड़े

- पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय नवानिया में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा कि मूक पशुओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। मनुष्य को शारीरिक कष्ट होने पर वह बोल कर चिकित्सक को अपनी पीड़ा बता सकता है, लेकिन पशु नहीं बोल सकते। पशु चिकित्सा सेवा से जुड़े कार्मिक व विद्यार्थियों के लिए यह कड़ी चुनौती है, फिर भी वे उनकी सेवा करते हैं, यह प्रशंसनीय और वंदनीय कार्य है।

राज्यपाल बागड़े शनिवार को उदयपुर जिले के वल्लभनगर क्षेत्र स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय नवानिया में विकास कार्यों के शिलान्यास समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बागड़े ने कहा कि राजस्थान में पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यह ऐसा व्यवसाय है जिससे आम गरीब व्यक्ति जुड़ा हुआ है। राज्य सरकारें पशुपालन और डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित करती हैं। राज्यपाल ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि वे भी कई सालों तक पशुपालन और दूग्ध उत्पाद संघ से जुड़े रहे। उन्होंने देसी नस्ल के पशुओं की प्रशंसा करते हुए उनके संवर्धन और संरक्षण पर जोर दिया। बागड़े ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि अब प्रतिस्पर्धा और विशेषज्ञता का युग है। पहले के दौर में सिर्फ पढ़ा लिखा होना पर्याप्त था, लेकिन अब इससे काम नहीं चल सकता। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करें और अपने विषय में विशेषज्ञता हासिल करें। इससे पूर्व राज्यपाल बागड़े ने महाविद्यालय में अतिथि गृह, महाविद्यालय की चारदीवारी तथा महाविद्यालय परिसर के शिव मंदिर से जोरजी का खेड़ा तक सड़क निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया। साथ ही महाविद्यालय की पुस्तिका का विमोचन भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राजस्थान में मानव आबादी के बराबर लगभग साढे.7 करोड़ पशुधन है। राज्य सरकार पशुधन को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालित की है, जिससे पशुपालकों को घर बैठे बीमार पशुओं के उपचार की सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम को चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने भी संबोधित किया। वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी भी बतौर अतिथि मंचासीन रहे। प्रारंभ में राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित व महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो बलवंत मेश्राम ने राज्यपाल बागड़े सहित अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए विवि के कुलपति दीक्षित ने विवि तथा महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक गौरव व डॉ ममता ने किया। आभार अभिष्ठाता डॉ बलवंत मेश्राम ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शरद अरोड़ा, एनएससी एएनओ डॉ सनवीर खातुन, महाविद्यालय के डॉ टीकम गोयल, डॉ गोवर्द्धन, डॉ सुनील अरोड़ा, डॉ महेंद्र मील, डॉ तरूण प्रीत सहित अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित

राज्य स्तरीय गाँधी शिल्प बाजार

दिनांकः 22 दिसम्बर, 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 तक
समयः सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक

स्थानः पी एमश्री राजकीय फतह उच्चमाध्यमिक विद्यालय, उदयपुर, राजस्थान

देश के ख्याति प्राप्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री में आप सादर आमंत्रित है

कलकत्ता की साड़ी, गुजराती पैच वर्क की चादरें, कारपेट, हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट, सौन्दर्य उत्पाद, इंटीरियर्स

फर्नीचर, लहंगा, चुनरी, साड़ी व डिजाइनर सूट, लाख ज्वैलरी व कड़ा, कॉटन शर्ट व खादी कुर्ता, ड्राई फ्लावर, बेडशीट फर्नीचर इत्यादि।

आयोजकः- पाण्डेश्वर जन कल्याण संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.

पिम्स में योग व ध्यान कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर, (कासं)। साई तिरुपति युनिवर्सिटी के अधीन पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, उमरडा, उदयपुर में फिट इण्डिया वीक एवं वर्ल्ड मेडिटेसन डे का आयोजन किया गया।

वर्ल्ड मेडिटेसन डे एवं फिट इण्डिया वीक का उद्देश्य ध्यान के लाभों को बढावा देना और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में इस विशेष दिन को बडे उत्साह और भागीदारी के साथ मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच ध्यान, योग और फिटनेस के लाभों का प्रचार करना, योग और ध्यान को अपनी दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित करना। इस दौरान सामूहिक योग एवं फिटनेस सत्र आयोजित किये गये, जिसमें 300 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

योग प्रशिक्षक फार्माक्लोजी विभाग के प्रो. डॉ. चीतन दोसी, द्वारा योग एवं मेडिटेसन कराया गया जिसमें ध्यान के लाभों का परिचय दिया गया। 20 मिनट का निर्देशित ध्यान एवं 30 मिनट का प्राणायाम कराया गया। प्रतिभागियों ने ध्यान सत्र के बाद आराम, शांति और ऊर्जा का अनुभव महसूस किया। आयोजन ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए पूरे पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस समुदाय को प्रेरित किया। फिट इण्डिया वीक एवं वर्ल्ड मेडिटेसन डे, पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था जिसने आत्म-देखभाल और जागरूकता की संस्कृति को बढावा दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश गोयल ने फिट इण्डिया वीक एवं वर्ल्ड मेडिटेसन डे के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. सरिता कांत एवं अकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिलीप कुमार पारिक भी उपस्थित रहे। फोरेंसिक मेडिसीन विभाग के प्रो. डॉ. प्रणव कुमार ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूछी कुशलक्षेम

राजसमंद, (निसं)। आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क अंतरंग शल्य एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर सेवन्त्री का विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड ने शनिवार को निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम पूछी एवं साथ ही उन्होंने मरीजो को फल वितरित किए।

शल्य वार्ड भर्ती रोगियों ने उन्हे बताया की वह वर्षों से मस्सा-भगंदर के रोग से पीडित थे, लेकिन अब वह आयुर्वेदिक क्षार सूत्र शल्य क्रिया के बाद स्वस्थ महसूस कर रहे हैं। पंचकर्म वार्ड में भर्ती रोगियों ने विधायक को बताया कि उन्हे घुटनों, कमर एवं शरीर के अन्य जोडो के रोगों में होने वाले दर्द में 7 दिन की पंचकर्म चिकित्सा से ही काफी आराम है। पंचकर्म प्रभारी डॉ विनोद सैनी ने बताया की भर्ती रोगियों की महुआ एवं आयुर्वेद की विशेष औषधीय के द्वारा बनाई गई पोटलियों के पत्रपिंडस्वेद से मालिश करके भाप स्वेदन चिकित्सा दी जा रही है।

'जनप्रतिनिधि व कार्मिकों के सामूहिक प्रयासों के साथ गांव को स्वच्छ बनाएं'

- के.के. गुप्ता ने ग्राम पंचायत नरणिया का औचक निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक के के गुप्ता द्वारा शनिवार प्रातः पंचायत समिति दोवडा की ग्राम पंचायत पुनाली और रोल मॉडल के रूप में चयनित ग्राम पंचायत नरणिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति अतिरिक्त विकास अधिकारी गिरीश कुमार कलाल सहित संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश समन्वयक गुप्ता ने यह भी जानकारी मांगी है कि दोनों ग्राम पंचायत के तालाब के जीर्णोद्धार और रखरखाव के लिए वर्तमान तक कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है? जिस पर अतिरिक्त विकास अधिकारी कलाल ने आगामी 2 दिन के भीतर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं आगामी 25 दिसंबर तक दोनों तालाबों की समुचित साफ सफाई करने का भी आश्वासन दिया गया है।ग्राम पंचायत पुनाली में निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि गांव के तालाब में बहुत गंदगी फैली हुई है जिसको तुरंत ही साफ सफाई करने के निर्देश ग्राम विकास अधिकारी को दिए गए।

ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थान और प्रमुख मार्गों पर भी गंदगी फैली हुई थी ग्राम पंचायत के संबंधित कार्मिक को यह भी स्पष्ट हिदायत दी गई थी कि गांव के प्रत्येक घर तक प्लास्टिक कैरी बैग संग्रहण के रूप में एक कट्टा (प्लास्टिक बैग) पहुंचाया जाए लेकिन धरातल पर वास्तविक स्थिति यह देखने को मिली कि यह संग्रहण कट्टा किसी भी घर तक नहीं पहुंचा है। इस पर समन्वयक गुप्ता ने अत्यंत नाराजगी जताते हुए संबंधित कार्मिक को निर्देश दिए कि आगामी 48 घंटे के भीतर पुनाली गांव के प्रत्येक घर में प्लास्टिक संग्रहण कट्टे पहुंचा दिए जाएं। गांव में कुछ जगह पर गीला और सूखा कचरा एक साथ एकत्र पडा हुआ दिखा तथा उसमें आग भी जला रखी थी जिस कारण पूरे गांव के वातावरण में प्रदूषण फैल रहा था।

इस संबंध में भी ग्राम विकास अधिकारी और ग्राम स्वच्छता समन्वयक को इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने की हिदायत दी गई।डूंगरपुर जिले की समस्त 12 पंचायत समिति में प्रत्येक पंचायत समिति में से एक-एक ग्राम पंचायत को रोल मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में चयनित किया गया है। जिसके तहत दोवडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नरणिया में भी प्रदेश समन्वयक गुप्ता द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। गांव में बने हुए एक तालाब के निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि तालाब की स्थिति बहुत ही बदहाल है तालाब में गंदगी फैली हुई है तथा इसके आसपास भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पंचायत समिति अतिरिक्त विकास अधिकारी ने इस तालाब के संबंध में अवगत कराया कि पूर्व में भी तालाब के जीर्णोद्धार और साफ-सफाई के लिए बजट आवंटन किया गया था और संबंधित कार्यकारी एजेंसी द्वारा कार्य भी किया गया था। लेकिन इस तालाब की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रदेश समन्वयक गुप्ता ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए यह दिशा निर्देश जारी किए हैं कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कार्मिक के विरुद्ध पंचायती राज विभाग के उच्च अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाई जाएगी और उनके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की अनुशंस